आरोपी अनिल प्रजापति पिता रामधार सिंग, उम्र 38 वर्ष, निवासी हिजिलांगेन, थाना को शासकीय बैंक का प्रतिनिधि बताता था। वह ग्राहकों से नकद राशि लेकर एक साधारण आधारी में जमा का रिकॉर्ड दिखाता था। लोगों को विश्वास था कि उनके खाते बैंक में खुल चुके हैं और उनकी रकम सुरक्षित है, लेकिन हकीकत इसके बिल्कुल उलट निकली। लाभ के सामने आया कि आरोपी ने किसी का भी बैंक खाता नहीं खोला और न ही जमा राशि बैंक में डाली।

28 लाख की रकम गबन, लूट गया भरोसा

लगभग एक वर्ष तक आरोपी ने यह खेल चलाया और कई गांवों से करीब 28 लाख रुपये हड़प कर लिए। धीरे-धीरे जब लोगों ने बैंक जाकर जानकारी ली, तो सच्चाई सामने आई। बैंक ने साफ इंकार कर दिया कि उसके यहां किसी अनिल प्रजापति नामक एजेंट की कोई नियुक्ति नहीं हुई। लोगों के पैसे तो गए, जमीन बिलकुल गई। मेहनत की कमाई लुट चुकी थी और कई की तो रिश्ते तक में दर्द और गुस्सा।

फरियादी की शिकायत से खुला राज

कपिल कुमार सक्सेना ने इस पूरे मामले की पूरी तुलिस थाना में पत्र कि आरोपी को कर बैंक में जमाना किया और पैसे लिए। धारा 420 और 406 तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी को दिलाखार व्यवस्था में थाना प्रस्तुत किया।

न्यायालय ने सुनाया कड़ा फैसला द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों और तर्कों को गंभीरता से सुनने के बाद लोक अभियोजक रेखा श्रीवास्तव ने मजबूत पैरवी की। न्यायालय ने आरोपी अनिल प्रजापति को दोषी मानते हुए उसे धारा 406 भादवि के तहत 7 वर्ष का कठोर कारावास और 8 लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

स्वास्थ्यशिविर | गगन जन सेवा समिति के तत्वावधान में हुआ निशुल्क मेगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

1400 मरीजों का उपचार, 100 को आंखों के चश्मे और 35 को सुनने की मशीन वितरित

डीआर संवाददाता>> सीहोर

– गगन जन सेवा समिति के तत्वावान में रविवार को विशाल निशुल्क मेगा न स्वास्थ्य शिविर और नाक परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। र इसमें लगभग 1400 मरीजों का द उपचार किया गया। 100 मरीजों को आंखों के चश्मे वितरित किए गए। 35 मरीजों को कान की सुनने वाली न मशीन दी गई। 70 मरीजों की न सोनोग्राफी जगाई गई। 70 मरीजों के न एक्सरे किए गए।

निशुल्क दवाई का भी वितरण गगन जन सेवा समिति और रेड क्रॉस के माध्यम से किया गया। मैं गगन जन सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. गगन नामदेव ने बताया कि मैं शिविर में 1400 मरीजों का उपचार हुआ।

सीहोर सहित भोपाल के

विशेषज्ञों ने भी अपनी सेवाएंस शिविर ने समिति के विशेष वरिष्ठ डॉक्टर भी उपस्थित थे। इनमें प्रमुख रूप से डॉ. कैलाश अग्रवाल, डॉ. एर कुमेरी, डॉ. नीरेश जोशी, डॉ. मस्त अर्य, आईएमए के प्रेसिडेंट और सीहोर व भोपाल के प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञ शामिल सीहोर के डॉ. अमित मोदी, डॉ. विवेक तालसेना, डॉ. गौरव ताम्रकार, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. अबुतोष पैंकिट, डॉ. दिया जोगेश, डॉ. राशि मोदी, डॉ. श्रेष्ठ सक्सेना, डॉ. मेघा गोयल मिताल आदि ने गोयल नेत्रालय की पूरी टीम को लाकर आंखों का नेत्रपरीक्षण कराया। सभी को चश्मे के नंबर दिए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, अरुण राय, राजकुमार गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विक्रम राठौर, भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरव सोनी महाजन, लीलाराम यादव, राजकुमार गुप्ता उपस्थित थे।

शिविर में हर बीमारी के लगभग 40 विशेषज्ञ डॉक्टर से उपस्थित थे। उन्होंने अपनी सेवाएं इस शिविर में प्रदान की। जनहित में आगे भी ऐसे शिविरों का आयोजन

समिति द्वारा किया जाएगा।

प्रतिभाएं कठिन स्थितियों में भी अपना लक्ष्य प्राप्त कर लेती हैं, परमार

डीआर संवाददाता>>आष्टा

प्रतिभाएं किसी पहचान की मोहताज नहीं होती। ग्रामीण परिवेश में रहकर डिप्टी कलेक्टर जैसी कठिन परीक्षा पास करना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। प्रतिभाएं कठिन परिस्थितियों में भी अपना स्थान बना लेती हैं और लक्ष्य को हासिल कर लेती हैं। यदि लक्ष्य के प्रति समर्पण, समय का दान, और लक्ष्य पर नजर हो, तो सफलता अवश्य प्राप्त होती है। इसका श्रेष्ठ उदाहरण नरेंद्र

सिंह राजपूत का कठिन परीक्षा को उत्तीर्ण करना है। नरेंद्र राजपूत का डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयन हमारे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है। उनकी उपलब्धि से अन्य प्रतियोगी परीक्षा के छात्र-छात्राओं को भी मार्गदर्शन मिलेगा। यह बातें पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने मध्य प्रदेश राज्य परीक्षा आयोग द्वारा आयोजित पीएससी परीक्षा में ग्राम दलखेड़ापुरा के शास्त्रीय शिक्षक और किसान मनोहर सिंह राजपूत के पुत्र नरेंद्र सिंह राजपूत के डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित होने पर उनके सम्मान में कही। चयनित डिप्टी कलेक्टर नरेंद्र सिंह राजपूत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 05 2080

विदिशा, दिन सोमवार ,दिनांक 10 नंबवर 2025

न्यूज गैलरी

अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों की जानकारी शीघ्र भेजने के निर्देश

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले के सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों की जानकारी निर्धारित प्रपत्रों में सुरंत भेजी जाए। रिक्त पदों तथा पद-अंकन से जुड़े प्रकरणों के लिए पूर्व में भी पत्राचार किया जा चुका है। वर्ष 2020 में जारी संशोधित मॉडल रोस्टर के आधार पर तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों का विवरण सीधा भेजना आवश्यक है। विभाग प्रमुखों को समस्त जानकारी ईमेल [illegible] /उप [illegible] पद, (उपसंचालक[illegible]–हज, [illegible]/उपसंचालक [illegible] वाणिज्य पर तत्काल भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

रोटरी क्लब ने निराश्रितों को कंबल वितरित किए

विदिशा। रोटरी क्लब द्वारा निराश्रितों को सेवा न्यास भवन पर कंबल बांटे। रोटरी क्लब परिवार ने करीब 75 कंबलों का वितरण कर सेवा अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम में अध्यक्ष अध्यक्ष रोटे राज अरोरा ने रोटरी की विभिन्न सेवा गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर कीर्ती सिंह, कंचूलाल, रविंद्र जैन, गंधर्वसेन अग्रवाल, अमर बैनर्जी, जितेंद्र यादव, संदेश जैन सहित मानव सेवा न्यास के अध्यक्ष रमेश मंगल और सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य जरूरतमंदों को ठंड से सुरक्षा प्रदान करना रहा।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक हुई

विदिशा। रविवार को अखिलभारतीय कायस्थ महासभा विदिशा की बैठक हुई। जिसमें दिसंबर माह में होने वाली प्रदेश कार्यकारिणी की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विशाल कैलाश सारंग की उपस्थिति प्रस्तावित है। कार्यक्रम को सफल बनाने पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। आगामी बैठक में लगभग 30 जिलों से 75 पदाधिकारी शामिल होकर विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर विचार–विमर्श करेंगे। बैठक में इंजी. सुधीर श्रीवास्तव, रायेश श्रीवास्तव, कैलाश सक्सेना, विमलेश राकेशना, अमित श्रीवास्तव सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस्कॉन मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया

विदिशा। रविवार को महमदपुर रोड पर इस्कॉन मंदिर का सुपारीबड़े धार्मिक उत्सव के साथ किया गया। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुगांतर के अवसर पर विशेष पूजा–अर्चना और भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों संख्या में लोगों ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया।

खंगार क्षत्रिय समाज की बैठक आयोजित हुई

विदिशा। रविवार को मां बिहार कॉलोनी में खंगार क्षत्रिय समाज की बैठक आयोजित की गई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश खंगार एवं राष्ट्रीय सचिव द्वारा क्षत्रिय खंगार विकास सेवा संघ द्वारा प्रताप सिंह राव विदिशा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सुरवीर सिंह पटवारी नंजबासौदा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, समन्वयक और अशोक सिंह राव को राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर बैठक में विदिशा जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर चर्चा हुई। खंगार क्षत्रिय संघ द्वारा स्वागत किया

---

6 माह में पूरा करना था काम, आधा भी नहीं हुआ, 6 माह और बढ़ाई मियाद

बेतवा नदी में मिल रहे शहर वे को रोकने की कवायद में लेटलतीफी

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

बारिश के बाद तो ही तेजी से शहर के नालों का सीवेज का गंदा पानी सीधे बेतवा में मिल रहा है। विदिशा शहर के 6 प्रमुख नाले जो बेतवा को प्रदूषित कर रहे हैं उन्हें नदी में मिलने से रोकने के लिए करीब 250 करोड़ रुपए की लागत से नगरपालिका द्वारा पानी को फिल्टर करके जतराखुर्द स्थित फिल्टर प्लांट तक ले जाने की योजना पर काम शुरू हो गया है।

इसके लिए नगरपालिका टेंडर जारी कर चुकी है और ठेकेदार अंकित जोशी ने काम भी शुरू कर दिया है। 6 माह में ठेकेदार को यह काम पूरा करना था, लेकिन बीच में बारिश का सीजन आ जाने के कारण काम नहीं हो सका और 6 माह का समय निकल गया। ठेकेदार सिर्फ 2 स्थान पर संपवेल बना पाया। जबकि संपवेल से 10 इंच मोटी पाइप लाइन को फिल्टर प्लांट तक बिछाई जाना है। वहीं संपवेल से पानी लिफ्ट करने के लिए

मोटरें भी लगाई जाना है। आगे तक सिर्फ 30 प्रतिशत ही काम हो सका है।

चोर घाट नाले से 2 किमी, जतरापुरा में 1 किमी लंबी लाइन डलेगी

नालों के पानी को फिल्टर करने के लिए जो संपवेल का निर्माण किया जा रहा है। एक संपवेल चोर घाट नाले की पुलिया पर बनाया जा रहा है तो दूसरा जतरापुरा के फिल्टर प्लांट से एक किमी दूर बेतवा नदी किनारे बनाया जा रहा है। चोर घाट नाले से 2 किमी लंबी लाइन जतरापुरा के फिल्टर प्लांट तक बिछाई जाना है, जो करीब 10 इंच मोटी रहेगी। वहीं जतरापुरा में नदी किनारे बने संपवेल से करीब 1 की लंबी लाइन फिल्टर प्लांट तक डाली जाएगी। बारिश के सीजन के बाद तो ही शहर के बड़े नालों में सीवेज का पानी आना शुरू हो जाता है। सिर्फ गर्मियों में इसकी मात्रा कम होती है। फैसिया नाला पूरी तरह से सूख जाता है जबकि चोर घाट के नाले में भी कम ही पानी बेतवा में पहुंचता है। बारी के नहीं में सीवेज का गंदा पानी सीधा बेतवा में मिलता है। कर्मचारी संघ की बात करें तो चोर घाट नाले में तेजी से पानी आ रहा है और कमल, गंगा और बलमुवार पानी सीधे बेतवा में मिल रहा है। नाले की गंदगी सीधे नदी में जा रही है, जो नदी की स्वच्छता में जम रही है। नर्मदा में जब नदी का पानी कम हो जाता है तो इसमें सिर्फ नाले की गंदगी ही बचती है और नदी का पानी भी बदबू मारने लगता है।

संपवेल का हो रहा निर्माण, इंजीनियरों ने तुड़वाई एक दीवार

चोर घाट नाले के पानी को बेतवा में मिलने से रोकने की मांग शहर से लोग कई वर्षों से करते आ रहे हैं। जैसे तैसे काम शुरू हुआ। लेकिन निर्माण कोई गति से चल रहा है। संपवेल के लिए सीमेंट सर्कल का वॉल बन चुका है। लेकिन इसके बाद बहुत कम शेष है। संपवेल में मोटरें लगाई जाएंगी, इसके बाद पानी लिफ्ट करने के लिए 2 किमी लंबी पाइप लाइन भी बिछाई जाना है। ठेकेदार अंकित जोशी ने बताया कि एक दीवार चोर के इंजीनियरों ने तिड़वाई है। क्योंकि वह थोड़ी टेढ़ी हो गई थी। उन्होंने बताया कि जतरापुरा में भी संपवेल का निर्माण हो चुका है। वहां जमीन लाइन डालना और संपवेल में मोटर लगाने का काम शेष है। नगरपालिका ने छह माह का एक्सटेंशन लिया है। जल्द ही काम फिर से शुरू करा दिया जाएगा।

---

14 कोरे बिल लगाकर 11.52 लाख रुपए निकाले, सरपंच-सचिव पर एफआईआर

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

गलनिया पंचायत में सरपंच और सचिव ने निर्माण कार्यों के नाम पर 14 कोरे बिल पंचायत रोस्टर पर लगाए। इसके जरिए 11 लाख 52 हजार रुपए की राशि निकाल ली। मौके पर कोई काम नहीं हुआ। शासकर ने इस घोटाले की खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद जिला पंचायत सीईओ ने जांच कमेटी बनाई। 13 अक्टूबर को जांच समिति ने पंचायत में भ्रष्टाचार की पुष्टि की। इसके बाद जनपद सीईओ को एफआईआर के निर्देश दिए गए।

लेकिन एफआईआर दर्ज कराने में जनपद सीईओ को एक माह से ज्यादा का समय लग गया। 8 नवंबर शनिवार को सीईओ उदयप्रताप सिंह ने थाने में आवेदन देकर सरपंच रईस

खान और सचिव कृष्णेश यादव पर एफआईआर दर्ज करवाई। पुलिस ने गलत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लटेरी तहसील की पंचायतों में लगातार घोटाले हो रहे हैं। सरपंच और सचिव मनमानी कर रहे हैं। सरकार का पैसा फर्जी बिल लगाकर निकाला जा रहा है। इस पूरे मामले में जनपद कार्यालय के कर्मचारियों की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है। क्योंकि राशि का आहरण जनपद कार्यालय से ही होता है।

एसडीएम कर रहे बीएलओ के काम का निरीक्षण

विदिशा। जिले में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण चल रहा है। बीएलओ 4 दिसंबर तक घर–घर जाकर मतदाताओं से जरूरी जानकारी ले रहे हैं। कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी अंशुल गुप्ता ने बताया कि आयोग से प्राप्त गणना पत्रक का वितरण शुरू हो गया है। एसआईआर के तहत चल रहे इस कार्य की निगरानी स्थानीय एसडीएम कर रहे हैं। वे बीएलओ के कार्यों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। मतदाता से जुड़ी जानकारी गणना पत्रक में दर्ज की जा रही है। इसकी एक प्रति मतदाता को दी जा रही है। गणना पत्रक भरने के बाद उसे पर हस्ताक्षर करना जरूरी है।

विदिशा में मुस्लिम समाज ने चलाया जागरूकता अभियान

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

विदिशा के बजरिया स्थित जय स्तंभ चौक के पास रविवार को "एक अभियान" के तहत विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में मुस्लिम समुदाय की बड़ी संख्या में महिला–पुरुष, बुजुर्ग और युवाओं ने भाग लिया। इसका मुख्य उद्देश्य समुदाय के बीच "एक अभियान" के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना था। शिविर में मौजूद मुस्लिम धर्मगुरुओं और समाज के वरिष्ठजनों ने बताया

कि "एक अभियान" को लेकर लोगों में जो भ्रम और घबराहट थी, उसे दूर किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अभियान मतदाता सूची के किसी वाहन पुनरीक्षण से संबंधित है।

इस अभियान का लक्ष्य हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल करना है, ताकि कोई भी नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। धर्मगुरुओं ने लोगों से अपील की कि वे घर–घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करने वाले बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) का सहयोग करें और अपने दस्तावेज सही करवाएं।

उन्होंने यह भी बताया कि मुस्लिम स्कूल कॉलेजों में ऐसे जागरूकता शिविर लगातार आयोजित किए जाएंगे, ताकि लोगों को सही जानकारी मिल सके और समाज का हर व्यक्ति लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग ले सके। आयोजकों ने दोहराया कि "एक अभियान" का वास्तविक उद्देश्य लोगों के वोटर आईडी को दुरुस्त करना, गलत जानकारी को सुधारना और नए मतदाताओं को जोड़ना है।

गंजबासौदा के निजी गार्डन में चोरों का धावा

डीआर संवाददाता ▶▶ गंजबासौदा

गंजबासौदा के पर्यावरणीय स्थित एक निजी रिसॉर्ट गार्डन में शनिवार रात चोरों ने धावा बोला। चोरों ने गार्डन का मुख्य द्वार तोड़कर प्रवेश किया और दो–तीन लकड़ी के ताले तोड़ दिए, लेकिन उन्हें कोई कीमती सामान नहीं मिला। घटना की जानकारी सुबह गार्डन संचालक सीताराम यादव को हुई। उन्होंने तुरंत बरेठ चौकी में शिकायत दर्ज करवाई।

पहली मंजिल पर तलाशी ली, कुछ नहीं मिला तो नीचे

गार्डन संचालक ने बताया कि यह गार्डन शादी समारोह के लिए बनाया गया है और अभी तक कोई आयोजन शुरू नहीं हुआ था। इसलिए गार्डन में कोई कीमती सामान नहीं रखा गया था। चोरों ने पहली मंजिल पर तलाशी ली और कुछ न मिलने पर दूसरी मंजिल में बने कमरों के ताले तोड़कर लौट गए। पास में स्थित स्कूटी पर भी चोरों की नजर नहीं पड़ी, अन्यथा वे उसे भी ले जाते।

पुलिस गश्त पर उठे सवाल

स्थानीय निवासियों का कहना है कि गांव में रात के समय पुलिस गश्त नहीं होती, जिसके कारण ऐसी घटनाएं होती रहती हैं। वहीं, डहर थाना प्रभारी संजय वेदिया ने कहा कि उनके थाना क्षेत्र में नियमित रूप से गश्त कराई जा रही है।

अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले के सभी विभागों के अधिकारी को निर्देशित किया है कि विभागीय अनुकंपा नियुक्ति संबंधी प्रकरणों की जानकारी शीघ्र ही निर्धारित प्रपत्रों में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

कलेक्टर श्री गुप्ता द्वारा जारी आदेश का हवाला देते हुए अपर कलेक्टर अनिल कुमार जाटोर ने बताया कि अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों के निराकरण हेतु घर किये जाने हेतु रिक्त पदों की जानकारी भेजने एवं मध्य अभाव के कारण अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण प्रस्तुत करने के संबंध में पूर्व में भी पत्राचार किया गया है।

मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) 14.12.2020 द्वारा मध्य लोकसेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़ा वर्गों के लिये आरक्षण) संशोधन नियमावली 2019 के तहत आरक्षण का प्रावधान कर जिला स्तरीय मॉडल रोस्टर जारी किया गया है।

मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा जारी परिपत्रों के अनुसार अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण किया जाना है। सभी विभागों के कार्यालय प्रमुखों को कार्यालय में लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण एवं संशोधित रोस्टर अनुसार रिक्ति की पदों एवं स्वीकृत कैडर के रिक्त पदों की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में तत्काल स्वतंत्रता शाखा पाहुना मनसिंह कॉम्पलेक्स के ईमेल–आईडी ईमेल [illegible] /उपसंचालक तथा व्हॉट्सएप नंबर 7000802983 पर उपलब्ध कराने हेतु सूचनाएं संप्रेषित

मतदाताओं को किया जा रहा गणना पत्रक का वितरण

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

मतदाता निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। बीएलओ घर दिसम्बर तक घर–घर जाकर मतदाताओं से मतदाता सूची के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त करेंगे। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंशुल गुप्ता ने बताया कि निर्वाचन आयोग से प्राप्त गणना पत्रक का वितरण किया जा रहा है। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ घर–घर जाकर प्रारंभिक

मतदाता को दो प्रतियों में गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष विदिशा जिले की पांचों विधानसभाओं विदिशा, बासौदा, कुरवाई सिरोंज एवं शमशाबाद के बीएलओ द्वारा निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार एसआईआर के तहत संपादित किए जा रहे कार्यों का स्थानीय एसडीएम द्वारा जायजा लिया जा रहा है। उनके द्वारा बीएलओ के कार्यों का औचक निरीक्षण कर कराया लाई जा रही है। एसडीएम की उपस्थिति में बीएलओ द्वारा गणना पत्रक का वितरण किया गया। इसमें मतदाता से जुड़ी जानकारी दर्ज कर उसकी एक प्रति मतदाता को दी जाएगी। मतदाता गणना पत्रक में जानकारी दर्ज करने के बाद हस्ताक्षर अवश्य करें। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर वर्ष 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध है। उससे मतदाता अपनी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कलेक्टर ने कहा है कि सभी मतदाताओं को गणना पत्रक उपलब्ध कर दिया जाएगा। मतदाता इसे सरकार बीएलओ को उपलब्ध कराएं, जिससे बीएलओ ऑनलाइन जानकारी दर्ज कर मतदाता का सत्यापन कर सकें।

मैराथन विदिशा में न्यायोत्सव2 की मैराथन से शुरुआत

3.5 किमी दौड़े जज और वकील, बोले- न्याय भी तेज गति से लोगों तक पहुंचे

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

विदिशा में न्याय के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को स्वर्णजयंती विधिक सेवा जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ एक मैराथन दौड़ के साथ हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित इस दौड़ में न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, न्यायालय कर्मचारियों और उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह जागरूकता सप्ताह 9 से 14 नवंबर तक चलेगा।

जिला न्यायालय से शुरू हुई 3.5 किमी की दौड़

मैराथन का शुभारंभ जिला न्यायालय परिसर से हुआ।

प्रतिभागियों ने दुर्गा नगर चौराहा, एलएचबाई कॉलेज, अहमदपुर चौराहा और पीतल मिल इंडस्ट्रियल एरिया होते हुए वापस जिला न्यायालय परिसर तक लगभग 3.5 किलोमीटर की दूरी तय की।

जिला जज बोले- न्याय भी तेज गति से पहुंचे

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम ने बताया कि यह मैराथन दौड़ विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि जिला उत्साह से सभी ने दौड़ लगाई, उसी तरह न्याय भी तेज गति से लोगों तक पहुंचे, यही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है।

बेटा पहले, पिता दूसरे स्थान पर रहे

दौड़ में न्यायालय के भृत्य मंगेशेव और उनके बेटे श्रीकांत मोहोड ने रनर का स्थान अर्जित किया। इस बार बेटे श्रीकांत मोहोड ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि उनके पिता महाय मंगेशेव दूसरे स्थान पर रहे। पिछले वर्ष भृत्य मोहोड पहले स्थान पर थे। तरुण मजूरी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

14 नवंबर को साइकिल रैली के साथ समापन

यह आयोजन सर्वस्वदेश जन्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में किया गया। 9 से 14 नवंबर तक चलने वाले इस विधिक सेवा जागरूकता सप्ताह के दौरान कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। सप्ताह का समापन 14 नवंबर को एक साइकिल रैली के साथ होगा।

ऑपरेशन मुस्कान की दोहरी सफलता

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

पुलिस ने एक बार फिर तत्परता, त्वरित कार्रवाई और संवेदनशील पुलिसिंग का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। एसपी रोहित कासवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में संचालित ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत थाना सिविल लाइन पुलिस ने दो अलग अलग प्रकरणों में अपहृत नाबालिग इन 2 मामलों में पुलिस को मिली सफलता

3 नवंबर को थाना सिविल लाइन क्षेत्र में 16 वर्षीय बालिका के अपहरण की सूचना पर मामला दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने लगातार प्रयास करते हुए 8 नवंबर को विदिशा रेलवे स्टेशन से बालिका को सुरक्षित ढूंढ निकाला। दूसरे मामले में इसी थाना क्षेत्र में 21 बालिकाओं को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा। दोनों मामलों में त्वरित प्रतिक्रिया और प्रभावी समन्वय ने परिजनों को राहत दी है।

अक्टूबर 2025 को 15 वर्षीय बालिका के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। सिविल लाइन पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। अथक प्रयासों के बाद टीम ने 8 नवंबर को भोपाल रेलवे स्टेशन से बालिका को सकुशल बरामद किया।विदिशा पुलिस द्वारा बच्चियों को सुरक्षित वापस लाना ऑपरेशन मुस्कान की प्रभावशीलता का सशक्त प्रमाण है।

मीणा समाज संगठन का स्थापना दिवस आज

विदिशा। मीणा समाज शक्ति संगठन का 17वां स्थापना दिवस आज रविवार को भोपाल में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में समाज की प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम भोपाल स्थित गांधी भवन पॉलिटेक्निक चौराहा पर सायं होगा। कार्यक्रम में ऐसी प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा जिन्होंने छोटे उद्योगों या प्राइवेट सेक्टर में कार्य कर अपने परिवार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है और समाज का नाम रोशन किया है। साथ ही कक्षा 10वीं और 12वीं में 90 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा तकनीकी शिक्षा एवं

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्षा 05 2080

राजगढ, दिन सोमवार, दिनांक 10 नवंबर, 2025

न्यूज गैलरी

आनंद धाम में दिखी जनजातीय संस्कृति की झलक

पुष्ता। सेवा भारती के वनवासी कल्याण गौरव सप्ताह के तहत शनिवार को केंद्र क्षेत्र विद्या आनंद धाम में जनजातीय समाज की गौरवशाली विरासत और संस्कृति पर केंद्रित एक सेल्फी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में फोटो, चित्र और समाचार कतरनों के माध्यम से जनजातीय समाज की ऐतिहासिक परंपराएं, संघर्ष और योगदान को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर सेवा भारती द्वारा समाज में गर्व परिवर्तन, गृह शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता, संस्कार और संगठन के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाया गया। प्रदर्शनी स्थल पर आगंतुकों को पंच परिवर्तन के महत्व से अवगत कराने के लिए पत्रक और साहित्य का भी वितरण किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में जनजातीय गौरव और संस्कृति के प्रति सम्मान को बढ़ावा देना रहा।

धाकड़ किसार समाज की वार्षिक बैठक, प्रकाश पुन

पुन्ता। धाकड़ किसार समाज की निर्माणाधीन धर्मशाला पर रविवार को जिला स्तरीय वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित हुए। बैठक का शुभारंभ धर्मशाला निर्माण समिति द्वारा पिछले तीन वर्षों के आय–व्यय का लेखा–जोखा प्रस्तुत कर किया गया। समाज के आर्थिक और सामाजिक कार्यों की समीक्षा के बाद अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय किसार धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक मंत्री महेंद्र सिंह पटवारी ने मार्गदर्शक के अनुसार अध्यक्ष चयन की प्रक्रिया की जानकारी दी। उपस्थित समाजजनों ने सर्वसम्मति से प्रकाश सिंह धाकड़ (बरखेड़ा) को नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्हें पुनः किसार धाकड़ समाज कल्याण प्राइवेट लिमिटेड का निर्विरोध अध्यक्ष चुना। इस घोषणा के बाद उपस्थित लोगों ने पुष्प मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और समाज के उत्थान के लिए बधाई दी।

महाकाल लोक की तर्ज पर संकेश्री हनुमान टेकरी, परिक्रमा पथ बनेगा

पुन्ता। जिले के प्रसिद्ध हनुमान टेकरी मंदिर का स्वरूप अब पूरी तरह बदलने जा रहा है। लगभग 1995 करोड़ रुपये की लागत से यहां एकीकृत विकास परियोजना शुरू हुई है। इसके तहत 1.8 किमी लंबा परिक्रमा पथ, दो लिफ्ट, विश्राम स्थल, प्रसाद दुकानें, सात्त्वी चौक, कर्ण चौक और सत्संग मैदान बनाए जाएंगे। इकोनिया डिजाइन कंसोर्टियम ने इसका डिजाइन सितंबर 2024 में तैयार किया। जिसे पर्यटन विकास निगम क्रियान्वित करेगा। सरकार ने 6 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। परियोजना में महाभारत वीथ, कर्ण और सात्त्वी चौक, स्नान कक्ष, जलकुंड, लैंडस्केप और एलईडी लाइटिंग की व्यवस्था होगी। उज्जैन के महाकाल लोक और रीवा के पौराणिक गहरा लोक की तरह यह स्थल भी 600 किमी क्षेत्र में प्रमुख तीर्थ बनेगा।

किसानों की विद्युत समस्या का निराकरण, सप्लाई शुरू हुई

चुसमेरे। बीते गुरुवार को ग्राम नाहरखेड़ा, लटूरी और आसपास के क्षेत्र के किसानों ने मार्केटिंग अध्यक्ष लखनसिंह बारबल के नेतृत्व में विद्युत मंडल के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर सिद्धार्थ बंसोड़े को ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने बताया कि इलाके में विद्युत पोलों से तार चोरी हो जाने से बारला सिंचाई प्रभावित हो रही थी। इस मौसम में अनावरण बारबलों से बचा जाए। इसके साथ ही जिला प्रशासन हो सके यहां भी दी गई उर्जा बाहर निकलने पर पर्याप्त ठनी कपड़े पहनें। विकित्सकों ने डिप्थेरिया सी से सुरक्षा एवं सावधानी का लेकर लेने की सलाह भी दी है ताकि शहीन की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती रहे।

इलाहि बढ़ा ठंड का असर

जम्मू–कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में कड़ाकड़ी हो रही है। इस वजह से उत्तरी इलाए मध्यप्रदेश में आ रही है। मौसम विभाग का कहना है कि नवंबर में पहले ही दौर में तेज ठंड शुरू हो गई है, जो अब लगातार रहेगी। अब ठंड के साथ कोहरा भी बढ़ेगा। फिलहाल देर रात और अल सुबह ठंड का असर ज्यादा है। वहीं, सुबह हल्का कोहरा भी है, जो आने वाले दिनों में बढ़ जाएगा।

दिन में भी ठंडक, पारा लुढ़का

रात के अलावा दिन में भी ठंडक घुलने लगी है। रविवार को ज्यादातर शहरों में तापमान 30 डिग्री से नीचे रहा। आने वाले दिनों में पारे में और भी गिरावट होने की संभावना है।

पिछले 10 साल से नवंबर में ठंड का ट्रेंड

प्रदेश में नवंबर ने पिछले 10 साल से ठंड के साथ बारिश का ट्रेंड भी है। अक्सर बार में ऐसा ही मौसम रहेगा। वहीं, बारिश के सिलसिले से अक्टूबर का महीना उम्मीदों पर खरा उतरा है। औसत 2.8 इंच पानी गिर गया, जो सामान्य 1.3 इंच से 120% ज्यादा है। वहीं, भोपाल में दिन ठंडे रहे। 30 अक्टूबर को दिन का तापमान 24 डिग्री रहा। मौसम विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार, पिछले 25 साल में अक्टूबर का यह सबसे ठंडा दिन रहा। उज्जैन, छतरपुर, नरसिंहपुर समेत कई शहरों में पारा 24 डिग्री के नीचे ही रहा।

अब जानिए, पूरे नवंबर में कैसा रहेगा मौसम

मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि नवंबर के दूसरे सप्ताह में ठंड का असर बढ़ेगा। हुआ भी वैसा ही। पारे में खासी गिरावट देखने को मिल रही है। खासकर ग्वालियर–चंबल संभाग के जिलों में, जहां उत्तरी हवाएं सीधी आती हैं, यहां पारा लुढ़केगा। ग्वालियर में 58 साल बाद नवंबर में रात का टेम्परेचर रिकॉर्ड 3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। उज्जैन में 62 साल पहले न्यूनतम पारा रिकॉर्ड 2.3 डिग्री तक जा चुका है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर में इस महीने बारिश का ट्रेंड है। इस बार नवंबर के पहले सप्ताह में ही बारिश होने से आसार है। दीपावली और चौथे सप्ताह में सिस्टम एक्टिव होने से भी बारिश हो सकती है।

अनदेखी

रोजाना गिर रहा जिले का न्यूनतम तापमान, 7 डिग्री दर्ज किया पारा

नवंबर में पड़ रही हाड़ कंपाने वाली सर्दी, लोग लेने लगे है अलाव का सहारा

डीआर संवाददाता ▶▶ राजगढ़

प्रदेश के मध्य क्षेत्र स्थित राजगढ़ जिले में सर्दी तबाही का असर लगातार बढ़ता नजर आ रहा है। आलम यह है कि नवंबर की शुरुआत में ही जिले का न्यूनतम तापमान 7.0 डिग्री तक लुढ़क चुका है वहीं रात के साथ–साथ दिन में भी शीत लहर चल रही है। बीते चार दिनों से सीवियर कोल्ड जैसे हालातों के चलते गर्म कपड़े पहनकर ही घर से निकल रहे हैं।

इसके साथ ही लोगों ने विभिन्न मोड़–चौराहों पर अलाव जलाना भी शुरू कर दिया है। लगातार गिर रहे तापमान का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 5 नवंबर को जिले का न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री दर्ज किया था जो लगातार लुढ़कते हुए 7 डिग्री नीचे आ चुका है।

ठंड से बचाव के लिए इन बातों का रखें विशेष ध्यान

लगातार चल रही हाड़तोड़ एवं ठंड को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सभी लोगों से अपील की है कि इस मौसम में अनावश्यक यात्राओं से बचा जाए। इसके साथ ही जितना संभव हो सके घरों में ही रहें एवं बाहर निकलने पर पर्याप्त ऊनी कपड़े पहनें। चिकित्सकों ने डिप्थेरिया सी से सुरक्षा एवं सावधानी का लेकर लेने की सलाह भी दी है ताकि शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती रहे।

इलाहि बढ़ा ठंड का असर

जम्मू–कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में कड़ाकड़ी हो रही है। इस वजह से उत्तरी इलाए मध्यप्रदेश में आ रही है। मौसम विभाग का कहना है कि नवंबर में पहले ही दौर में तेज ठंड शुरू हो गई है, जो अब लगातार रहेगी। अब ठंड के साथ कोहरा भी बढ़ेगा। फिलहाल देर रात और अल सुबह ठंड का असर ज्यादा है। वहीं, सुबह हल्का कोहरा भी है, जो आने वाले दिनों में बढ़ जाएगा।

दिन में भी ठंडक, पारा लुढ़का

रात के अलावा दिन में भी ठंडक घुलने लगी है। रविवार को ज्यादातर शहरों में तापमान 30 डिग्री से नीचे रहा। आने वाले दिनों में पारे में और भी गिरावट होने की संभावना है।

पिछले 10 साल से नवंबर में ठंड का ट्रेंड

प्रदेश में नवंबर ने पिछले 10 साल से ठंड के साथ बारिश का ट्रेंड भी है। अक्सर बार में ऐसा ही मौसम रहेगा। वहीं, बारिश के सिलसिले से अक्टूबर का महीना उम्मीदों पर खरा उतरा है। औसत 2.8 इंच पानी गिर गया, जो सामान्य 1.3 इंच से 120% ज्यादा है। वहीं, भोपाल में दिन ठंडे रहे। 30 अक्टूबर को दिन का तापमान 24 डिग्री रहा। मौसम विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार, पिछले 25 साल में अक्टूबर का यह सबसे ठंडा दिन रहा। उज्जैन, छतरपुर, नरसिंहपुर समेत कई शहरों में पारा 24 डिग्री के नीचे ही रहा।

अब जानिए, पूरे नवंबर में कैसा रहेगा मौसम

मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि नवंबर के दूसरे सप्ताह में ठंड का असर बढ़ेगा। हुआ भी वैसा ही। पारे में खासी गिरावट देखने को मिल रही है। खासकर ग्वालियर–चंबल संभाग के जिलों में, जहां उत्तरी हवाएं सीधी आती हैं, यहां पारा लुढ़केगा। ग्वालियर में 58 साल बाद नवंबर में रात का टेम्परेचर रिकॉर्ड 3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। उज्जैन में 62 साल पहले न्यूनतम पारा रिकॉर्ड 2.3 डिग्री तक जा चुका है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर में इस महीने बारिश का ट्रेंड है। इस बार नवंबर के पहले सप्ताह में ही बारिश होने के आसार है। दीपावली और चौथे सप्ताह में सिस्टम एक्टिव होने से भी बारिश हो सकती है।

बीते 5 दिनों में जिले का न्यूनतम तापमान

दिनांक	तापमान
03 नवंबर	7.0
04 नवंबर	7.4
07 नवंबर	9.6
09 नवंबर	11.0
05 नवंबर	16.2

मेडिकलों पर प्रतिबंधित ड्रग मिले तो तत्काल लाइसेंस रद्द करें: कलेक्टर

डीआर संवाददाता ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय नारकोटिक्स को–ऑर्डिनेशन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी भी उपस्थित रहे। बैठक में निर्देशित किया गया कि नशीले पदार्थों की सूचना का आदान–प्रदान करना अनिवार्य, भाग, गांजे की तस्करी पर सतत नजर बनाए रखें। उन्होंने कहा कि स्कूल, कॉलेज सहित अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास नशे से जुड़ी सामग्री का विक्रय न हो। कलेक्टर ने कहा कि ड्रग इंस्पेक्टर नियमित रूप से लगातार जिले के मेडीकल स्टोर्स का सतत निरीक्षण करें। सभी मेडीकल स्टोर्स पर सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य किए जाएं एवं थाने की टीम के साथ मेडीकल स्टोर्स पर प्रतिबंधित दवाइयां की जांच की जाए। अगर मेडीकल स्टोर पर प्रतिबंधित दवाइयां मिल रही है तो संबंधित स्टोर का लायसेंस तत्काल निलंबित कर वैधानिक कार्यवाही की जाए।

पुलिस अधीक्षक ने भी दिए अहम निर्देश

बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने निर्देशित किया कि अस्पताल में जो भी इमर्जेंसी आते हैं, उनकी सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि सभी थाना प्रभारी अवैध शराब पर प्रभावी कार्रवाई करें। इसके साथ ही उन्होंने नेशनल फार्म व अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण के प्रकरणों पर भी तय–टू–डन चर्चा की गई। इस अवसर पर बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) व समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

चाकू से हमला करने वाले 1 वर्ष से फरार चल रहे आरोपी को प्रयागराज से गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ▶▶ जीरापुर

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में चलाए उपस्थियों कि घर पकड़ के चलते हुए विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के एल बाजरे एवं एसडीओपी डी. वी. एस. नगर, थाना प्रभारी रवि ठाकुर के मार्गदर्शन में अभियान चलाया गया जिसमें बड़ी सफलता मिली पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार घटना दिनांक 9 दिसंबर 024 की घटना पोलाखेड़ा निवासी इरिक्शा सोया ट्रैक्टर की किस्त वसूलकर हेतु सिरपोई कॉलोनी से जा रहे थे तब दिनेश दांगी एवं दो अन्य साथियों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था।

प्राथमिक उपचार के दौरान हरि ओम सोया की मृत्यु हो गई थी।

मृतक की मृत्यु एवं विवेचना के आधार पर प्रकरण में धारा 103, 311, 409(4)309(6), 126 118(1), 209 उसे 25827 आर्म्सएक्ट एवं मोटर व्हाहन अधिनियम की धारा जोड़ी गई आरोपी विनोद दांगी एवं रामदयाल वर्मा को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जा चुका था अबकि सुनील दांगी फरार चल रहा था पुलिस ने एक टीम से फरार चल रहे आरोपी सुनील दांगी को प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ गंभीर अपराध का प्रकरण दर्ज था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया एवं पुलिस कस्टडी में लाकर एवं न्यायालय में पेश किया। पुलिस द्वारा टीम गठित कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया जिसमें विशेष में थानेदार थाना प्रभारी निरीक्षक रवि ठाकुर, उप निरीक्षक संतोष सिंह, जितेंद्र अजयकोष, सहायक पायक अनिल रघुरिया, राहुल खुसवाहा आरक्षक विष्णु जाट, रवि जाट व शाहरुख खान शेखर यादव का विशेष योगदान रहा।

युवक पर चाकू से हमला, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती, पुलिस जांच में जुटी

डीआर संवाददाता ▶▶ तलेन

पेट्रोलियम मंत्रालय और तेल कंपनियों की ओर से मिले निर्देशानुसार घरेलू इंडियन गैस इजेंसी तलेन की ओर से घरेलू उपभोक्ताओं को ई–केवाईसी बायोमेट्रिक सत्यापन कराना अनिवार्य किया गया है। पर अभी तक अधिकांश उपभोक्ताओं ने ई–केवाईसी सत्यापन नहीं कराया। सभी वितरकों को लगभग 5 लाख उपभोक्ताओं के ई–केवाईसी पूरा करने के निर्देश दिए हैं। ई केवाईसी नहीं होने के कारण आपका गैस कनेक्शन बंद कर दिया जाएगा। ई–केवाईसी की प्रक्रिया करीब 8 महीने से चल रही है। गैस एजेंसियां उपभोक्ताओं से ई–केवाईसी कराने की गुजारिश कर रही है। साथ ही मोबाइल पर ई–केवाईसी कराने के मैसेज भी भेजे जा रहे हैं। इसके बावजूद उपभोक्ता इसमें रुचि नहीं ले रहे हैं। केवाईसी कराने के लिए उपभोक्ताओं को महेश्वरी इंडेन गैस तलेन पर अपना आधार कार्ड, गैस की डायरी और मोबाइल लेकर जाना होगा। वहां बायोमेट्रिक के जरिए ई–केवाईसी हो जाएगी घरेलू गैस सिलेंडर (रसोईगैस) के उपभोक्ताओं के लिए ई–केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया है। इसके बाद भी उपभोक्ता इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसके चलते पेट्रोलियम कंपनियां सख्ती बरतने की तैयारी कर रही है।

कृत्रिम गर्भाधान के लिए नवीन तकनीक बताई

डीआर संवाददाता ▶▶ सारंगपुर

राष्ट्रीय गोकुल मिशन अंतर्गत प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन पशुपालन एवं डेयरी विभाग तथा कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला राजगढ़ के निर्देशन में रविवार को पशुपालन विभाग सारंगपुर द्वारा की कपिलेश्वर गोशाला, सारंगपुर में कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं, गोसेवकों एवं पशु चिकित्सा अधिकारी विकासखंड सारंगपुर द्वारा प्रतिभागियों को कृत्रिम गर्भाधान की प्रक्रिया, पशुओं की नस्ल सुधार, चेकअप प्रबंधन, रोग नियंत्रण एवं आधुनिक तकनीकी विधियों की जानकारी प्रदान कर प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रेम किशोर, रवीन्द्र राठौरकर पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी भी शामिल रहे। इस दौरान डॉ अमित शाक्या एवं उपस्थान में वृद्धि एवं किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के आगामी सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

किया जाता है, जिसमें सामीण युवकों को स्वावलंबी बनने पर अग्रसर मिल रहे। इस दौरान महंत श्री गजानंद महाराज कपिलेश्वर गोशाला, ओमप्रकाश गर्ग, एडवोकेट पी एन

चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी के रुपए किए बरामद

डीआर संवाददाता ▶▶ गाघलपुर

नगर पुलिस द्वारा क्षेत्र या नगर में चोरी की घटनाओं पर रोकथाम के लिये चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत टी आई पूजा परिहार या उनकी टीम में चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार किया। 28 अक्टूबर एवं रविवारी शिकायत दायी ने आने में रिपोर्ट दर्ज करवाई जिसमें 27 अक्टूबर को बैंक ऑफ इंडिया शाखा जीरापुर से 23 हजार रुपये निकाल कर अपने गांव सागरुड़ पहुंचा जहां पर करीब 4 बजे रात में स्थित मोहन गुप्ता की दुकान पर रुका अपनी थैली जिसमें 23 हजार रुपये नगद थाने शुरू का चेकअप रखी थी दुकान के बाहर बाल्टी पर रख दी कुछ देर बाद देखा, तो थैली वह नहीं थी अज्ञात व्यक्ति ने उठा था फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की जिसमें सीसीटीवी फुटेज, सीडीआर विश्लेषण एवं आस पास के लोगों से पूछताछ की गई। लगातार प्रयास या मुखबिर की सूचना के आधार पर 8 नवंबर को टी आई पूजा परिहार नेतृत्व में जैसी पुलिस थाना सिंह पिता नंदनसिंह उम्र 23 वर्ष थाना गुलखेड़ी थाना बोड़ा को गिरफ्तार कर लिया

जागरूकता रैली

नगर में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह 2025 के अन्तर्गत विधिक जागरूकता रैली निकाली

न्यायाधीश विनोद कुमारविधिक सेवा के उद्देश्य एवं न्याय क्षेत्र की जानकारी दी

डीआर संवाददाता ▶▶ जीरापुर

नगर में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह 2025 के अन्तर्गत विधिक जागरूकता रैली निकाली गई। न्यायालय परिसर से तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष न्यायाधीश विनोद कुमार अहिरवार के नेतृत्व में रैली निकाली जो खिलचीपुर नाका, स्वामी विवेकानन्द चौराहा, इंदर चौराहा होते हुए आवास कॉलोनी स्टेडियम परिसर पहुंची जहां पर विधिक सेवा के उद्देश्य एवं न्याय क्षेत्र की जानकारी दी।

इस दौरान बाल विवाह रोकने एवं बाल विवाह के दुष्परिणाम बताये रैली में अधिकारी कर्मचारी बाल विवाह नही करने, बालमजदूर के नियमों का पालन करने, आदि प्रकार कि हाथ में तख्तियां लेकर चल रहे थे। रैली में प्रमुख रूप से तहसील विधिक सेवा – समिति अध्यक्ष न्यायाधीश विनोद कुमार अहिरवार, न्यायाधीश मुकेश कुशवाहा, तहसीलदार आरती सिंह गौड़, सीएमओ हरिओम शर्मा, थाना प्रभारी रवि ठाकुर, लेखापाल देवनारायण दांगी, रमेश नायसार, राहुल दांगी, राजेश माटी, उत्कृष्ट स्कूल प्रभारी दिनेश कुमार चौरसे, जगदीश चौहान पटवारी, बीएस पवार, कालुसिंह चौहान, धर्मेन्द्र लव तिवारी, नायब नाजीर बृजमोहन माटी, चंदरसिंह चौरसे, राजाराजसिंह, सोनम बघेल, सब इंस्पेक्टर संतोष सिंह, हेड कांस्टेबल रमेश दांगी, पुलिस विभाग, नगर परिषद के कर्मचारी शामिल हुए।

सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ आचार्य सेवानिवृत्ति सम्मान

डीआर संवाददाता ▶▶ नरसिंगढ़

सरस्वती विद्या मंदिर में शुक्रवार को शिशु मंदिर के तीन आचार्यों नागेश जोशी, प्रकाश तिवारी एवं प्रमोद शर्मा के सेवानिवृत्ति अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती भावना वर्मा रहीं। समारोह में प्रांतीय सदस्य ओमप्रकाश राठी, विभाग समन्वयक नुरुपरण गौड़, अध्यक्ष ओमप्रकाश राठौर एडवोकेट एवं सचिव अशोक साहू सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ, जिसके पश्चात प्राचार्य सोनसिंह चन्द्रलिया ने अतिथियों का परिचय कराया। इस दौरान मुख्य अतिथि भावना वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का वह महान है जब शब्दों से अधिक भावनाएं मुखर होती हैं। शिक्षक समाज के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं, वे कभी सेवानिवृत्त नहीं होते। थानाध्यक्ष ने तीनों आचार्यों को अतिथियों द्वारा शाल, श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित आचार्यों ने भी अपने दीर्घ शिक्षण अनुभवों एवं विद्यालय से जुड़े संस्मरणों को साझा किया।

इस अवसर पर आनंद व्यास, सुशील व्यास, गजेंद्र सिंह अम्बोदिया, मोनिका वर्मा, पूजा गहलोत सहित कई वक्ताओं ने अपने अनुभव व्यक्त किए।